## 'Dekho Apna Desh- The People's Choice 2024' organised at CUH

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Aaj Samaj** **Date: 11-09-2024**

# हकेवि में 'देखो अपना देश' अभियान केंद्रित कार्यक्रम आयोजित




देखो अपना देश कार्यक्रम के अवसर आयोजक एवं प्रतिभागी।

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के युवा पर्यटन क्लब द्वारा मंगलवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे ह्यदेखो अपना देश - द पीपल्स चॉइस 2024ह्य अभियान के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। विश्वविद्यालय के मिनी ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत में युवा पर्यटन क्लब के संयोजक, डॉ. विवेक बल्यान ने ह्यदेखो अपना देशह्य अभियान के उद्देश्यों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने प्रतिभागियों को इस अभियान से जुड़ने और भारतीय पर्यटन स्थलों की विविधता को जानने का आह्वान किया। तत्पश्चात विश्वविद्यालय के पर्यटन और होटल प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रणबीर सिंह ने पर्यटन उद्योग के महत्त्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यह उद्योग न केवल आर्थिक विकास में सहायक है, बल्कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान और राष्ट्रीय एकता को भी बढ़ावा देता है। विश्वविद्यालय के छात्र छात्र कल्याण अधिष्ठाता, प्रो. आनंद शर्मा ने युवा पर्यटन क्लब द्वारा की जा रही गतिविधियों की सराहना। आयोजन में ड्रा के माध्यम से चयनित दस प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 250 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया था। आयोजन के अंत में डॉ. विवेक बल्यान ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ. अनिल कुमार, डॉ. विकास सिवाच, डॉ. नितिन गोयल, डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. अमित कुमार और डॉ. शिखा अहलावत भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल आयोजन में युवा पर्यटन क्लब के सदस्यों और सभी प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी की।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 11-09-2024**

# हकेंवि में देखो अपना देश अभियान केंद्रित कार्यक्रम का किया आयोजन

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ के युवा पर्यटन क्लब द्वारा मंगलवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे देखो अपना देश-द पीपल्स चॉइस 2024 अभियान के बारे में जागरूकता बढ़ाना था।

विश्वविद्यालय के मिनी ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत में युवा पर्यटन क्लब के संयोजक, डॉ. विवेक बल्यान ने देखो अपना देश अभियान के उद्देश्यों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने प्रतिभागियों को इस अभियान से जुड़ने और भारतीय पर्यटन स्थलों की विविधता को जानने का आह्वान किया।

तत्पश्चात विश्वविद्यालय के पर्यटन और होटल प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रणबीर सिंह ने कहा कि यह उद्योग न केवल आर्थिक विकास में सहायक है, बल्कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान और राष्ट्रीय एकता को भी बढ़ावा देता है। कार्यक्रम में कुल 250 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया था। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 11-09-2024**

## 'देखो अपना देश' अभियान केंद्रित कार्यक्रम आयोजित



**महेंद्रगढ़** | हकेवि के युवा पर्यटन क्लब की ओर से मंगलवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे 'देखो अपना देश- द पीपल्स चॉइस 2024' अभियान के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। विश्वविद्यालय के मिनी ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत में युवा पर्यटन क्लब के संयोजक, डॉ. विवेक बल्यान ने 'देखो अपना देश' अभियान के उद्देश्यों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने प्रतिभागियों को इस अभियान से जुड़ने और भारतीय पर्यटन स्थलों की विविधता को जानने का आह्वान किया। तत्पश्चात विश्वविद्यालय के पर्यटन और होटल प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रणबीर सिंह ने पर्यटन उद्योग के महत्त्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यह उद्योग न केवल आर्थिक विकास में सहायक है, बल्कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान और राष्ट्रीय एकता को भी बढ़ावा देता है।

छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने युवा पर्यटन क्लब द्वारा की जा रही गतिविधियों की सराहना की। आयोजन में ड्रा के माध्यम से चयनित दस प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 250 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया था। आयोजन के अंत में डॉ. विवेक बल्यान ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ. अनिल कुमार, डॉ. विकास सिवाच, डॉ. नितिन गोयल, डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. अमित कुमार और डॉ. शिखा अहलावत भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल आयोजन में युवा पर्यटन क्लब के सदस्यों और सभी प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी की।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Chetna** **Date: 11-09-2024**

# हकेवि में 'देखो अपना देश' अभियान कार्यक्रम आयोजित

**महेन्द्रगढ़, चेतना संवाददाता।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के युवा पर्यटन क्लब द्वारा मंगलवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे 'देखो अपना देश - द पीपल्स चॉइस 2024' अभियान के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। विश्वविद्यालय के मिनी ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत में युवा पर्यटन क्लब के संयोजक, डॉ. विवेक बल्यान ने 'देखो अपना देश' अभियान के उद्देश्यों से प्रतिभागियों को अवगत कराया।




उन्होंने प्रतिभागियों को इस अभियान से जुड़ने और भारतीय पर्यटन स्थलों की विविधता को जानने का आह्वान किया। तत्पश्चात विश्वविद्यालय के पर्यटन और होटल प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रणबीर सिंह ने पर्यटन उद्योग के महत्त्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यह उद्योग न केवल आर्थिक विकास में सहायक है, बल्कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान और राष्ट्रीय एकता को भी बढ़ावा देता है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 11-09-2024**

# हकेंवि में 'देखो अपना देश' अभियान केंद्रित कार्यक्रम आयोजित

- पर्यटन स्थलों की विविधता को जानने का किया आह्वान
- ड्रा के माध्यम से चयनित दस प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

संवाद सहयोगी, जागरण • महेंद्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के युवा पर्यटन क्लब द्वारा मंगलवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे 'देखो अपना देश- द पीपल्स चॉइस 2024' अभियान के बारे में जागरूकता बढ़ाना था।

विश्वविद्यालय के मिनी आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत में क्लब के संयोजक, डॉ. विवेक बल्यान ने 'देखो अपना देश' अभियान के उद्देश्यों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने प्रतिभागियों को इस अभियान से जुड़ने और भारतीय पर्यटन स्थलों की विविधता को जानने का आह्वान किया। जिसके बाद विश्वविद्यालय के पर्यटन और होटल प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रणबीर सिंह ने पर्यटन उद्योग के महत्त्व पर प्रकाश डाला और कहा कि पर्यटन न केवल आर्थिक विकास में सहायक है, बल्कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान और राष्ट्रीय एकता को भी बढ़ावा देता है। आयोजन में ड्रा के माध्यम से चयनित दस प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इसमें कुल 250 प्रतिभागियों ने पंजीकरण किया था। इस अवसर पर डा. अनिल कुमार, डा. विकास सिवाच, डा. नितिन गोयल, डा. जितेंद्र कुमार, डा. अमित कुमार और डा. शिखा अहलावत भी उपस्थित थे।




'देखो अपना देश' कार्यक्रम के अवसर आयोजक एवं प्रतिभागी • सौजन्यः हकेंवि

## एनआरआरयू और हकेंवि ने किया समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

संवाद सहयोगी, जागरण • महेंद्रगढ़: नाखोन रत्चासिमा राजभट यूनिवर्सिटी (एनआरआरयू), थाइलैंड व हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ अध्ययन-अध्यापन व शोध के क्षेत्र में साझेदारी के साथ कार्य करेंगे। मंगलवार को इस संबंध में हकेंवि व एनआरआरयू के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। हकेंवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार तथा एनआरआरयू के प्रेसिडेंट अडिसोर्न नवानोन्धा ने हस्ताक्षर किए। एनआरआरयू के प्रतिनिधि मंडल ने हकेंवि के साथ विभिन्न स्तरों पर आपसी साझेदारी को लेकर चर्चा के बाद हिंदी, थाई भाषा के अध्ययन, संकाय संवर्धन कार्यक्रम व स्टूडेंट-टीचर एक्सचेंज प्रोग्राम पर मिलकर काम करने की सहमति बनी।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों व प्रगति से एनआरआरयू के प्रतिनिधि मंडल को अवगत कराया। कुलपति ने आपसी साझेदारी में भाषा अध्ययन, शोध व संकाय संवर्धन के लिए आनलाइन कार्यक्रमों के आयोजन की बात रखी। एनआरआरयू के प्रेसिडेंट अडिसोर्न नवानोन्धा ने भी प्रस्तुत प्रस्ताव को उपयोगी बताते हुए इस दिशा में मिलकर काम करने की बात कही। एनआरआरयू के प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से यूनिवर्सिटी काउंसिल के उपाध्यक्ष अरनट जैसमरम, डीन फैकेल्टी आफ ह्यमेनिटीस एंड सोशल साइंसेस, सिरिवाडी विविथखुनाकोर्न(डीन एकेडमिक सर्विसेज) आदि शामिल रहे। हकेंवि की ओर से कुलपति सहित सम्कुलपति प्रो. सुषमा यादव, शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार आदि उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 11-09-2024**

## हकेंवि में देखो अपना देश अभियान केंद्रित कार्यक्रम आयोजित

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के युवा पर्यटन क्लब द्वारा मंगलवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे देखो अपना देश-द पीपल्स चॉइस 2024 अभियान के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। विश्वविद्यालय के मिनी आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत में युवा पर्यटन क्लब संयोजक, डॉ. विवेक बल्यान ने देखो अपना देश अभियान के उद्देश्यों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने प्रतिभागियों को इस अभियान से जुड़ने और भारतीय पर्यटन स्थलों की विविधता को जानने का आह्वान किया। तत्पश्चात विश्वविद्यालय के पर्यटन और होटल प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रणबीर सिंह ने पर्यटन उद्योग के महत्त्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यह उद्योग न केवल आर्थिक विकास में सहायक है, बल्कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान और राष्ट्रीय एकता को भी बढ़ावा देता है। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने युवा पर्यटन क्लब द्वारा की जा रही गतिविधियों की सराहना।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Navoday Times** **Date: 11-09-2024**

## 'देखो अपना देश' केंद्रित कार्यक्रम आयोजित

महेंद्रगढ़, 10 सितम्बर (ब्यूरो): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के युवा पर्यटन क्लब द्वारा मंगलवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे 'देखो अपना देश - द पीपल्स चॉइस 2024' अभियान के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। विश्वविद्यालय के मिनी ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत में युवा पर्यटन क्लब के संयोजक, डॉ. विवेक बल्यान ने 'देखो अपना देश' अभियान के उद्देश्यों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने प्रतिभागियों को इस अभियान से जुड़ने और भारतीय पर्यटन स्थलों की विविधता को जानने का आह्वान किया। तत्पश्चात विश्वविद्यालय के पर्यटन और होटल प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रणबीर सिंह ने पर्यटन उद्योग के महत्त्व पर प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय के छात्र छात्र कल्याण अधिष्ठाता, प्रो. आनंद शर्मा ने युवा पर्यटन क्लब द्वारा की जा रही गतिविधियों की सराहना। आयोजन के अंत में डॉ. विवेक बल्यान ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ. अनिल कुमार, डॉ. विकास सिवाच, डॉ. नितिन गोयल, डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. अमित कुमार और डॉ. शिखा अहलावत भी उपस्थित थे।

नवोदय टाइम्स
Wed, 11 September 2024
https://epaper.navodayatimes.in/c/